शुभम् भूयात् मंगलम् भूयात् कल्याणम् भूयात्





अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्
सेवा ✤ संस्कार ✤ संगठन

# पाथेय

वर्ष – 9 अंक 04 मार्च 2016

विघ्न हरण मंगल करण, स्वाम भिक्षु रो नाम ।
गुण ओलख सुमिरन करै, सरै अचिंत्या काम ।।

प्रिय युवा साथियों,

सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र।

पूज्यप्रवर की असीम अनुकम्पा एवं वृहद् आशीर्वाद से एवं देश-विदेश में कार्यरत सभी युवा साथियों के सहयोग एवं पुरूषार्थ से अभातेयुप के चरण गतिमान है। गत माह किशनगंज में मर्यादा महोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें गुरुदेव ने धर्मसंघ हेतु कई नवीन घोषणाएं की। उक्त अवसर पर गुरुदेव ने श्रावकों को सामायिक करने की विशेष प्रेरणा भी दी। पूज्यप्रवर के इंगितानुसार प्रत्येक श्रावक को शनिवार सायं 7 से 8 बजे के मध्य सामायिक करने का लक्ष्य रखना चाहिए। मेरा सभी युवा साथियों से आह्वान है कि सभी युवक संकल्पित होकर शनिवार को सायं 7 बजे सामायिक अवश्य करें। यह सामायिक सामूहिक रूप से हो तो और भी अच्छा होगा। गुरुदेव ने युवकों को हमेशा असीम वात्सल्य प्रदान किया है, हम सब गुरुदेव के प्रति कृतज्ञ हैं।

गत माह सिलीगुड़ी में गुरुदेव के पावन प्रवास के समय अभातेयुप की कार्यसमिति की द्वितीय बैठक भी आयोजित हुई एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय इस बैठक में लिए गए। इस अवसर पर सिलीगुड़ी युवक परिषद् द्वारा आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर का लोकार्पण भी हुआ। गत माह डोंबीवली में भी आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर का उद्घाटन हुआ। अब तक 10 सेन्टर अभातेयुप के निर्देशन में उद्घाटित हो चुके हैं। यह सब आप युवा साथियों की कर्मठता और लगन का ही सुफल है।

'हर दिन-रक्तदान दिन' कार्यक्रम के अंतर्गत फरवरी माह में 32 रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ। यह कार्य भी सम्पूर्ण वर्ष में ऐसे ही सुचारू से चले ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है।

डेटा संग्रहण का कार्य सतत् गतिमान है। हम अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं और अब तक 116 क्षेत्रों के डेटा प्राप्त हो चुके हैं। जिन परिषदों ने डेटा नहीं भिजवाएं हैं, उनसे विशेष अनुरोध है कि इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए डेटा संग्रहित कर हमें भिजवावें।

जैसा कि आपको विदित ही होगा कि अभातेयुप की अति महत्वाकांक्षी योजना 'अभ्युदय' के चरण गतिमान है। सम्पूर्ण राष्ट्र से कई व्यक्ति इस योजना से जुड़ रहे हैं। मेरा शाखा परिषदों के माध्यम से युवकों से आह्वान है कि अधिकाधिक संख्या में लोगों को इस महनीय योजना से जोड़ें।

हमें आंतरिक खुशी है कि हमारा किशोर मण्डल जो कि हमारी भावी युवा पीढ़ी है, जोर-शोर से धर्मसंघ के कार्य में प्रगतिशील है। किशोर मण्डल का 'स्कोर मोर' कार्यक्रम अपने आप में अनुकरणीय कार्यक्रम हुआ। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हमारे किशोर इस कार्यक्रम से अत्यन्त लाभान्वित हुए होंगे।

साथ ही साथ हम सभी को इस बात की भी अति प्रसन्नता है कि युवा वाहिनी में अनेक युवा साथी जुड़ रहे हैं। गत माह बॉर्डर सेक्युरिटी फोर्स के केम्पस में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह भी हमारे लिए अति उल्लेखनीय है। युवा वाहिनी काफी अच्छा कार्य कर रही है और इसका हम सभी को आत्मतोष है।

योगक्षेम योजना में आप सभी के सहयोग से अच्छा योगदान मिल रहा है। मैं तहेदिल से सभी अनुदानदाताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी सभी अनुदानदाताओं का वात्सल्य हम सभी पर यूं ही न्यौछावर होता रहेगा।

आप सभी से सदैव सहयोग की अपेक्षा रखते हुए, आपके सुदीर्घ आयु, स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक प्रगति हेतु मंगलकामना करते हुए...

आपका अपना

**बी.सी. जैन (भलावत)**

# दिशा-निर्देश

1. शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
2. तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
3. स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में कार्य करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें।
4. शाखा परिषद् अपने **बकाया शुल्क** या अपने क्षेत्र के बकाया शुल्क एकत्रित कर अभातेयुप के खाते (OBC Ladnun A/c No. 10272010002800 or SBI Ladnun A/c No. 30313076278) में जमा करावें। रसीद की प्रतिलिपि केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं में भिजवाएं।
5. अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
6. **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें।
7. आपके सुझाव एवं पतों में परिवर्तन तथा प्रकाशन सम्बन्धित शिकायतों की जानकारी president@abtyp.com पर ईमेल करें।
8. शाखा परिषद् अपने कार्यक्रमों की जानकारी **द्विमासिक रिपोर्ट** के प्रारूप में ही भरकर भिजवाएं न कि प्रत्येक कार्यक्रम की सूचना/रिपोर्ट अलग से भिजवाएं। **रिपोर्ट महामंत्री एवं प्रभारी** के पास ही भेजें। कार्यक्रम की रिपोर्ट सम्बन्धित कार्यक्रम संयोजक को अवश्य भिजवाएं।
9. **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
10. केन्द्रीय परिषद् से जुड़े हुए स्थानीय व्यक्ति, स्थानीय शाखा परिषद् कार्यसमिति में **अनिवार्य रूप** से विशेष आमंत्रित/कार्यसमिति सदस्य/प्रभारी/पदाधिकारी/परामर्शक के रूप में हों।
11. स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
12. सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की भिक्षु स्वामी की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।
13. अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण abtypsecretary@gmail.com पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
14. परिषद् के अधिक से अधिक सदस्य नियमित सामायिक एवं पच्चीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
15. अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
16. जिन कार्यसमिति सदस्यों/क्षेत्रीय सहयोगियों/समिति सदस्यों ने लगातार कार्यसमिति की दो बैठकों में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई हो तो उनकी सदस्यता संविधान के अनुसार स्वतः रद्द हो जाएगी।

# अभातेयुप : विज़न 2015-2017


ABTYP WORKSHOP personality development — पेज नं. 4

Acharya Tulsi Diagnostic Centre — पेज नं. 4

सत्कार — पेज नं. 4

अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स संघीय समाचारों का साप्ताहिक मुखपत्र — पेज नं. 5

युवादृष्टि YUVA HORIZON A SOCIO-RELIGIOUS JAIN JOURNAL A process of making the two ends meet. — पेज नं. 5

युवा वाहिनी — पेज नं. 6

सरगम A Golden Voice Of Terapanth — पेज नं. 6

जैन संस्कार विधि — पेज नं. 6

you have, you can... MEGA BLOOD DONATION DRIVE Revolution @ 365 Days Each Day is a Blood Donation Day — पेज नं. 7

JAIN TERAPANTH NEWS JTN — पेज नं. 7

DATA Collection — पेज नं. 8

योगक्षेम योजना — पेज नं. 8

अभ्युदय — पेज नं. 9

तेरापंथ किशोर मंडल — पेज नं. 17


युवा साथियों, सादर जयजिनेन्द्र!

सभी शाखा परिषदें अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं सभी युवा साथी साधुवाद के पात्र हैं।

बंधुओं, आप द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी केन्द्र तक भी पहुंचनी चाहिए। अभातेयुप ने परिषदों द्वारा कृत कार्यों की फोटो व संक्षिप्त जानकारी पाथेय में प्रकाशित करने का निर्णय लिया है, जिससे अन्य शाखा परिषदों को भी प्रेरणा मिले। तदर्थ आपसे निवेदन है कि आपके द्वारा आयोजित जैन संस्कार विधि, रास्ते की सेवा, आध्यात्मिक प्रतियोगिता, कार्यशाला, रक्तदान शिविर या अन्य कोई कार्यक्रम की रिपोर्ट फोटो सहित मेल आईडी **abtypsecretary@gmail.com** पर मेल करें। फोटो साफ होनी चाहिए और कोलाज की हुई फोटो न भेजें।

आपका युवा साथी विमल कटारिया, महामंत्री

## व्यक्तित्व विकास कार्यशाला

तेरापंथ युवक परिषद् एक ऐसी निर्माणशाला है जहाँ त्रिआयामी उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए हर सदस्य अपने व्यक्तित्व में निरंतर विकास एवं निखार लाता है। युवाओं में व्यक्तित्व का विकास निरंतर हो इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर अभातेयुप ने शाखा परिषदों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास कार्यशालाओं का आयोजन करने का लक्ष्य रखा है। यह कार्यशालाएं विभिन्न विषयों पर आधारित हो सकती है जैसे आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक, व्यापारिक (वसीयत, ऑनलाइन व्यापार) आदि। वाक् कौशल को सुधारने, **Stage Fear** को मिटाने एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए **Effective Public Speaking** कोर्स का आयोजन भी परिषद् अपने स्तर पर आयोजित कर सकते हैं। किसी भी कार्यक्रम के लिए ट्रेनर/मुख्य वक्ता, विषय की जानकारी या अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

| प्रभारी | सह-प्रभारी |
|---|---|
| श्री पवन मांडोत | श्री किशोर भंसाली |
| 9886139038, 080-26743024 | 9374614000 |

## आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों सेवा-संस्कार-संगठन के साथ आगे बढ़ रही है। सामाजिक क्षेत्र में सेवा का उद्देश्य भी महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अभातेयुप "आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर" स्थाई उपक्रम के माध्यम से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इसी कड़ी में विजयनगर-बैंगलोर, बेंगलोर, उधना, सूरत, चैन्नई, कटिहार, रायपुर, अहमदाबाद, डोम्बिवली व सिलीगुड़ी में सफलतापूर्वक ATDC का संचालन किया जा रहा है।

इस महनीय योजना का गति देने हेतु इस वर्ष विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए अभातेयुप के मार्गदर्शन में जो परिषद् ATDC के स्थाई उपक्रम का शुभारम्भ करती है उस परिषद् को अभातेयुप की तरफ से 5,00,000/- रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना की क्रियान्विति हेतु आर्थिक सहयोग श्री चन्दनमल राजेन्द्र अभिनव बैद (लाडनूं - मुम्बई) परिवार से प्राप्त हुआ है। तकनीकी सहयोग सुराणा-सेठिया ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स से प्राप्त होगा।

ATDC में सभी तरह के Blood, Urine, E.C.G. आदि के जाँच की सुविधा उपलब्ध होगी। ATDC से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सह-प्रभारी |
|---|---|
| श्री संदीप कोठारी, 9820498881 | श्री भरत मरलेचा, 9840763075 |
| e-mail: smk120180@gmail.com | e-mail: vbharatjain@yahoo.co.in |

## चौका 'सत्कार'

आचार्यप्रवर की सेवा में देश-विदेश से आने वाली युवा शक्ति के लिए चौका 'सत्कार' निरंतर गतिशील है। इसी व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने के लिए अपेक्षित संसाधनों से युक्त नये चल वाहन का प्रारम्भ पूज्यप्रवर की सन्निधि में किया गया। पूज्यप्रवर के शब्दों में "एक तरह का मोबाईल हाऊस"। युवकों में संस्कार का संचार हो। युवक रास्ते की सेवा के साथ-साथ गोचरी सम्बधिंत सभी जानकारियों से अवगत हो इसी उद्देश्य से सत्कार निरंतर गतिमान है। सत्कार में कोई भी परिषद् या परिवार एक माह की सेवा ले सकता है। उसके लिए अनुदान 2,00,000/- प्रति माह रखा गया है। उस माह के अंतर्गत सम्बधित अनुदानदाता का बैनर लगाया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सह-प्रभारी |
|---|---|
| श्री संजय जैन, 9215517430 | श्री बच्छराज बोथरा, 9434045814 |

# अभातेयुप प्रकाशन योजना

अभातेयुप के चिन्तनशील राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी.भलावत ने कार्यभार सँभालते ही एक सपना संजोया की पूज्यप्रवर के संदेशों, प्रवचनों और सम्पूर्ण विश्व में गतिमान समस्त संघीय गतिविधियों को प्रत्येक तेरापंथी परिवारों तक पहुँचाना है। इस क्रांतिकारी विचार को अपने लक्ष्य तक पहुँचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में प्रकाशन सम्बन्धित योजनाओं पर निर्णय लिया गया है :-

1. अभातेयुप का एक प्रमुख प्रकाशन तेरापंथ टाइम्स (जिसमें संघीय गतिविधिओं की सम्पूर्ण जानकारी प्रकाशित होती है) इस परिपत्र को प्रत्येक तेरापंथी परिवारों में नि:शुल्क प्रेषित किया जायेगा।
2. तेरापंथ टाइम्स / युवादृष्टि में प्रकाशन हेतु विज्ञापन भेजने वाली परिषद् या व्यक्ति को विज्ञापन राशि का 20% प्रोत्साहनस्वरुप अभातेयुप द्वारा दिया जाएगा। यह प्रोत्साहन राशि चेक द्वारा भेजी जाएगी।
3. विज्ञापन हमारे परिवारों के सभी प्रसंगों (जैसे विवाह, वर्षगांठ, पुण्यतिथि, विशेष उपलब्धि, व्यवसाय आदि) से सम्बन्धित, साथ ही साथ व्यवसायिक विज्ञापन भी प्रकाशन हेतु भेज सकते हैं।
4. अभातेयुप के दो विश्वस्तरीय प्रकाशन युवादृष्टि (हिंदी) एवं युवा होराइजन (अंग्रेजी) को भी प्रत्येक तेरापंथी परिवार के साथ-साथ अन्य समुदायों विशेषकर प्रबुद्ध एवं युवा वर्ग तक पहुँचाने का एक अभियान चलाया जाये।
5. युवादृष्टि : त्रैवार्षिक - रु. 900 / आजीवन (15 वर्ष) - रु. 3500
6. युवा होराइजन : वार्षिक - रु. 350 / द्विवार्षिक - रु. 700

### तेरापंथ टाइम्स विज्ञापन दरें

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1/8 PAGE | - RS. 7500 PER ISSUE | / | YEARLY RS. 200000 |
| 1/4 PAGE | - RS. 15000 PER ISSUE | / | YEARLY RS. 300000 |
| 1/2 PAGE | - RS. 25000 PER ISSUE | / | YEARLY RS. 500000 |
| FULL PAGE | - RS. 41000 PER ISSUE | / | YEARLY RS. 1000000 |

### युवादृष्टि विज्ञापन दरें

| | | |
|---|---|---|
| BACK PAGE | - | RS. 700000 YEARLY |
| FRONT COVER INNER PAGE | - | RS. 500000 YEARLY |
| BACK COVER INNER PAGE | - | RS. 500000 YEARLY |
| OTHER INSIDE PAGES | - | RS. 150000 YEARLY |

### युवा होराइजन विज्ञापन दरें

| | | |
|---|---|---|
| BACK PAGE | - | RS. 51000 PER ISSUE |
| FRONT COVER INNER PAGE | - | RS. 31000 PER ISSUE |
| BACK COVER INNER PAGE | - | RS. 31000 PER ISSUE |
| STRIP | - | RS. 11000 PER ISSUE |

**उपरोक्त योजनाओं को सफलता पूर्वक अंजाम तक पहुँचाने के लिए हम सभी को निम्न व्यवस्थाओं के साथ कार्य करने की अपेक्षा है :-**

1. सभी परिषदें अपनी कार्यकारिणी में एक प्रकाशन प्रतिनिधि की नियुक्ति अनिवार्य रूप से करें। उनका नाम, मोबाईल नं. एवं e-mail ID अतिशीघ्र प्रकाशन प्रभार के राज्य संयोजकों को प्रेषित करें।
2. नियुक्ति करते समय यथासंभव कोशिश रहे की कार्यकर्त्ता पत्रकारिता, लेखन की रुचि रखने वाला हो, इससे उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को उभरने का मौका मिलेगा एवं साथ ही कार्य करने में सुगमता होगी। प्रतिनिधि स्थानीय संघीय समाचार कार्यक्रम संपन्न होने के साथ जल्द से जल्द भिजवाने के लिए प्रयास करें।
3. प्रतिनिधि का मुख्य कार्य होगा अपने क्षेत्र के सभी परिवारों के पते अविलम्ब भिजवाएं।
4. संगठन मंत्री श्री योगेश चौधरी द्वारा भेजे गए Members Data Bank Form (किशोर 15 -21 वर्ष तक एवं युवक 21-45 वर्ष तक की) भरकर Excel Sheet अनुसार members@abtyp.com पर भिजवायें। जिन परिवारों के पते इसमें समाहित नहीं हुए हों, उनके पते भी Excel Sheet में अलग से इसी ईमेल पर भेज देवें।
5. परिवारों के सभी प्रसंगों पर उनसे संपर्क करके तेरापंथ टाइम्स में विज्ञापन भेजने हेतु प्रयास करना।
6. युवादृष्टि एवं युवा होराइजन के ज्यादा से ज्यादा ग्राहक बनाने हेतु निरंतर प्रयत्न करना।
7. आपके क्षेत्र के Business / Corporate Houses / Banks आदि से संपर्क करके उनके भी विज्ञापन भेजने का लक्ष्य बनाना।

आप जब भी प्रकाशन के ग्राहक बनाएं उसकी सूची निम्न ईमेल पर प्रेषित करें जिससे अविलम्ब ग्राहकों के पास प्रकाशन पहुँचने की प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। प्रकाशन सम्बन्धित सुझाव या समस्या के लिए यथासंभव prakashan@abtyp.com पर ईमेल करें या प्रभारी/सह-प्रभारी को whatsapp करें। इसमें ग्राहक पे.का उल्लेख अवश्य करें। साथियों यह कार्य चुनौतीपूर्ण है अत: हमें पूरे जुनून के साथ निरंतर प्रयत्नशील रहना होगा तभी यह कार्य पूर्ण कर पाएंगे।

**अभातेयुप का यह सपना, घर-घर हो प्रकाशन अपना**

साथियों आप सभी को सहयोग करने हेतु निम्न साथी आप सभी के साथ कार्य करेंगे

प्रभारी
श्री रमेश पटावरी
9442600853/Whatsapp 9364100853

सह-प्रभारी
श्री मनोज संकलेचा
9822274374

## युवा वाहिनी

संगठन का प्राण है, उसके कार्यकर्ता। वो कार्यकर्ता जिनका जीवन पुरूषार्थ, सक्रियता, समर्पण एवं निष्ठा से ओत:प्रोत हो। परमपूज्य गुरुदेव तुलसी की परिकल्पना थी कि हमारे युवकों का एक ऐसा संगठन तैयार हो, जो रिजर्व फोर्स के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाए।

युवा वाहिनी उसी कल्पना का मूर्तरूप है। इसके सदस्य 24 x 7 संघ एवं समाज को अपनी सेवा प्रदान करेंगे। ये सदस्य सेवा के सभी प्रायोजनों के लिए आधुनिक रूप से प्रशिक्षित होंगे जो समय-समय पर समाज एवं राष्ट्र की सेवा में तत्पर रहेंगे।

तेरापंथ युवक परिषद् की समस्त शाखाएं अपने यहाँ युवा वाहिनी का गठन करें। इनमें अपनी परिषद् के 10-20 प्रतिशत का एक समूह युवा वाहिनी के नाम से बनाएं। जिसमें उन युवकों को प्राथमिकता दी जाये जो अहिंसा यात्रा एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा, किसी भी प्रकार की आपातकालीन परिस्थितियों, संघीय आयोजनों में सहभागी बनने में रूचि रखते हों। संगठित दल का निर्माण कर युवा वाहिनी को राष्ट्रीय स्तर पर Disaster Force के रूप में स्थापित किया जा सके।

अभातेयुप द्वारा प्रोत्साहन : ✶ CERTIFICATE OF APPRECIATION

✶ Rs. 500000/- ACCIDENTAL POLICY (2YEARS)

| प्रभारी | सह-प्रभारी |
|---|---|
| श्री देवेन्द्र डागलिया, 9820330061/8879207410 | श्री सुरेश देरासरिया, 9844363237/0821-4256830 |
| e-mail: devendradagliya@gmail.com | e-mail: sureshjain9us@gmail.com |

## सरगम

अभातेयुप द्वारा संगीत के क्षेत्र में अनूठा प्रयास 'सरगम - एकल गायन प्रतियोगिता' सम्पूर्ण भारत वर्ष में इसके प्री ऑडिशन राउण्ड दिनांक 2 मार्च 2016 से शुरू हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2016 है। इसमें संभागियों की वय सीमा 15 से 45 वर्ष है। चयनित प्रतियोगियों को अग्रिम सूचना शाखा परिषदों के माध्यम से समयान्तर उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रतियोगिता से सम्बन्धित जानकारी अभातेयुप की वेबसाइट www.abtyp.com पर भी उपलब्ध है। समस्त शाखा परिषदों को मेल द्वारा प्रतियोगिता फॉर्म एवं नियम भेज दिये गये हैं।

आप सभी से नम्र निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनकर इस गरिमामय कार्यक्रम को सफल बनावें। आपकी प्रतिभा को समाज के सम्मुख प्रस्तुत करने का यह स्वर्णिम अवसर है।

संयोजक : श्री संजय भंसाली, 9824139031 e-mail : abtypsargam@gmail.com सह-संयोजक : श्री मनीष पगारिया, 9480335464

## जैन संस्कार विधि

समाज में जैन संस्कार विधि का प्रचार-प्रसार भी परिषद् का एक महत्वपूर्ण उपक्रम है। जैन समाज के समस्त कार्यक्रम जैन संस्कार विधि से हो उसके लिए अभातेयुप कार्य कर रही है। देश के अनेक क्षेत्रों में जैन संस्कार विधि से नामकरण, जन्म-दिवस, रजत-जयन्ती एवं वैवाहिक संस्कार आयोजित हो रहे हैं। इस कार्य को और अधिक प्रसारित करने की अपेक्षा है। अनेक स्थानों पर हमारे जागरूक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विशिष्ट व्यक्ति भी संस्कारक के रूप में हमारे साथ जुड़े हुए हैं। जैन संस्कार विधि का यह कार्य और मुखरित हो ऐसी अपेक्षा है। कुछ ऐसी बातें जो विचारणीय है :-

I) जहां भी जैन संस्कार विधि से कोई कार्य समायोजित होने वाला हो, वहां की स्थानीय परिषद् से अवश्य सम्पर्क किया जाये।
II) जैन संस्कार विधि से आयोजित होने वाले विवाह संस्कार हेतु सम्बन्धित परिवार कम से कम 21 दिन पूर्व में ही आवेदन करें।
III) सभी आवश्यक कागजात आवदेन के साथ प्रस्तुत करें।
IV) यथासंभव विवाह संस्कार दिन के समय हो ऐसा प्रयास अपेक्षित है।
V) जैन संस्कार विधि से आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों की विस्तृत सूचना मय फोटो को प्रभारी, सह-प्रभारी तथा महामंत्री तक शीघ्रातिशीघ्र भिजवायें।

एक विनम्र अपील आप सभी महानुभावों से कि समय-समय पर अपने अमूल्य सुझावों से हमें लाभान्वित करते रहें ताकि इस विधि में समयानुसार कुछ अपेक्षित बातों, मंत्रों का समावेश कर सके तभी सही मायने में इस विधि का व्यवहारिक रूप और अधिक पुष्ट हो सकेगा।

तेरापंथ समाज से जो भी जैन संस्कार विधि के कार्यों से जुड़ना चाहते हैं एवं अपनी सेवायें प्रदान करना चाहते हैं, वो व्यक्तिगत रूप से हमसे सम्पर्क करें ताकि आवश्यकता के समय उनका समुचित उपयोग हो सके। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सह-प्रभारी |
|---|---|
| श्री धर्मेन्द्र डाकलिया | श्री सुनील कुमार दुगड़ |
| 9414137580, 9351227053 | 9831038394 |

## रक्तदान @ निरंतर अभियान

विश्व की सर्वाधिक रक्तदाता संस्था अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा निरंतर रूप से गतिमान मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के अंतर्गत रक्तदान शिविरों का शाखा परिषदों के माध्यम से प्रतिदिन आयोजन हो रहा है। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित विश्व के सबसे लंबे समय तक चलने वाले रक्तदान शिविरों का आयोजन इस ड्राइव को एक अनूठा स्वरूप प्रदान कर रहा है। सर्वप्रथम अभातेयुप जनवरी एवं फरवरी माह में रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली सभी परिषदों को बधाई प्रेषित करती है। साथ ही साथ जिन परिषदों ने ब्लड बैंक से प्राप्त सर्टिफिकेट अभी तक प्रेषित नहीं किये हैं, वे अतिशीघ्र 9829298364 Whatsapp व abtypmbdd@hotmail.com पर मेल कर प्रेषित करें। इस अभियान के अंतर्गत परिषद् द्वारा 6 माह में 200 रक्तदान शिविरों का अलग-अलग जगहों पर आयोजित करने की योजना है। परिषदें रक्तदान शिविरों का आयोजन संयुक्त तत्वावधान में भी कर सकती हैं। परिषदें अस्पताल, एसोसिएशन, इंडस्ट्री, कॉलेज, ऑफिस, बैंक व मोबाईल वेन में भी रक्तदान शिविरों की आयोजना कर सकती है। सभी शाखा परिषदों से अनुरोध है कि जिन्होंने अपने रक्तदान शिविरों की तिथि निर्धारित नहीं की है। वे अप्रैल से जून के मध्य अपनी परिषद् में अवश्य ही रक्तदान शिविरों का आयोजन करें एवं रिक्त तिथि की उपलब्धता अतिशीघ्र MBDD कंट्रोल रूम जयपुर में abtypmbdd@hotmail.com पर मेल, 9367750695/9376943870 पर फोन अथवा SMS के द्वारा जान सकते हैं। इस अभियान के अंतर्गत परिषदों के उत्साहवर्धन के लिए शाखा परिषदों द्वारा आवेदन किये जाने पर अभातेयुप द्वारा निम्न पुरस्कार दिये जायेंगे :-

1. सर्वाधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन (1 जनवरी से 30 जून के बीच) परिषद् संख्या 1 से 50, 50 से 300 एवं 300 से अधिक।

2. सर्वाधिक रक्त संग्रहण एक स्थान पर। 3. सर्वश्रेष्ठ MBDD ब्रांडिंग। 4. MBDD प्रचारित-प्रसारित करने हेतु सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत योगदान।

नोटः- जिन परिषदों के यहां 1 जनवरी 2016 के पश्चात् रक्तदान शिविरों का आयोजन हो चुका है वो ब्लड बैंक से सर्टिफिकेट प्राप्त कर इसकी सूचना MBDD कंट्रोल रूम जयपुर में abtypmbdd@hotmail.com पर मेल, 9829298364 पर फोन अथवा SMS के द्वारा प्रेषित करें। जो परिषदें रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रही हैं वे इससे सम्बन्धित ब्रोशर, बैनर, सर्टिफिकेट, आई सपोर्ट फॉर्म आदि Corel, PDF व JPG में www.abtypmbdd.com से प्राप्त कर सकते हैं।

संयोजक हितेश भांडिया
9829298364, hiteshkumarjain@hotmail.com

नितेश कोठारी
9367750695, nitesh247@gmail.com

मार्च माह में रक्तदान शिविरों की जानकारी :-

| S. No. | MAR-2016 CAMP DATE | DAY | CITY | STATE |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1-Mar | TUESDAY | JALGOAN | MAHARASHTRA |
| 2 | 2-Mar | WEDNESDAY | AMET | RAJASTHAN |
| 3 | 3-Mar | THURSDAY | MULUND | MAHARASHTRA |
| 4 | 4-Mar | FRIDAY | BIRATNAGAR | NEPAL |
| 5 | 5-Mar | SATURDAY | ADMAPUR MANDI | HARYANA |
| 6 | 6-Mar | SUNDAY | BHAGALPUR | BIHAR |
| 7 | 7-Mar | MONDAY | PUNE | MAHARASHTRA |
| 8 | 8-Mar | TUESDAY | CUTTACK | ODISSA |
| 9 | 9-Mar | WEDNESDAY | VIJAYNAGAR | KARNATAKA |
| 10 | 10-Mar | THURSDAY | SURAT | GUJRAT |
| 11 | 11-Mar | FRIDAY | DINHATA | W. B. |

| S. No. | MAR-2016 CAMP DATE | DAY | CITY | STATE |
|---|---|---|---|---|
| 12 | 12-Mar | SATURDAY | GURGAON | HARYANA |
| 13 | 13-Mar | SUNDAY | GULABBAG | BIHAR |
| 14 | 14-Mar | MONDAY | DADAR | MAHARASHTRA |
| 15 | 15-Mar | TUESDAY | BHUSAWAL | MAHARASHTRA |
| 16 | 16-Mar | WEDNESDAY | NATHDWARA | RAJASTHAN |
| 17 | 17-Mar | THURSDAY | PIMPRI CHINCHWAD | MAHARASHTRA |
| 11 | 11 -Mar | FRIDAY | KATIHAR | BIHAR |
| 12 | 12-Mar | SATURDAY | RAIGANJ | W. B. |
| 20 | 20-Mar | SUNDAY | PALGHAR | MAHARASHTRA |
| 21 | 21-Mar | MONDAY | UDHANA | GUJRAT |
| 22 | 22-Mar | TUESDAY | RAMPUR | ODISSA |

| S. No. | MAR-2016 CAMP DATE | DAY | CITY | STATE |
|---|---|---|---|---|
| 23 | 23-Mar | WEDNESDAY | SIRSA | HARYANA |
| 24 | 24-Mar | THURSDAY | HISAR | HARYANA |
| 25 | 25-Mar | FRIDAY | CHENNAI | TAMILNADU |
| 26 | 26-Mar | SATURDAY | MYSORE | KARNATAKA |
| 27 | 27-Mar | SUNDAY | CHHAPAR | RAJASTHAN |
| 28 | 28-Mar | MONDAY | MANSA | PUNJAB |
| 29 | 29-Mar | TUESDAY | HOSPET | KARNATAKA |
| 30 | 30-Mar | WEDNESDAY | KANTABANJI | ODISSA |
| 31 | 31-Mar | THURSDAY | BOISAR | MAHARASHTRA |

मानव हैं, मानवता में प्राण भरें।
संकल्पित हो, नियमित रक्तदान करें।

## जैन तेरापंथ न्यूज JTN

अभातेयुप द्वारा संघीय गतिविधियों की सूचना/समाचार जन-जन तक पहुंचाने हेतु मीडिया उपक्रम ''जैन तेरापंथ न्यूज'' (JTN) का संचालन किया जा रहा है। ऑनलाईन माध्यमों के अलावा अब JTN का e-Paper भी www.jainterapanthnews.in पर उपलब्ध रहेगा। आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि अपने क्षेत्र के समाचार JTN में प्रसारित होने हेतु भेजे। साथ ही साथ e-Paper हेतु विज्ञापन जुटाने का सलक्ष्य प्रयास करें।

- समाचार jtnmain@gmail.com पर ईमेल द्वारा भेजें। व्यक्तिगत या ग्रुप में Whatsapp द्वारा समाचार न भेजें।
- समाचार संघ/संगठनों से सम्बन्धित, व्यापक स्तर पर प्रेषित करने योग्य हो। संघ एवं संघपति की प्रभावना करने वाले हो। दैनिक अथवा छोटे स्तर के आयोजनों अथवा व्यक्तिगत स्वरूप के समाचार यथासंभव न भेजें।
- किसी भी समाचार के प्रसारित होने या न होने का अंतिम निर्णय सम्पादक मंडल का रहेगा।
- समाचार 150 से 400 शब्दों के बीच हो। हिंदी में टाईप किये गये हो।
- समाचार के साथ भेजी जाने वाली फोटो का साईज प्रति फोटो 1MB से अधिक न हो। फोटो का कोलाज बनाकर न भेजें और न ही फोटो पर कुछ लिखा हुआ हो।
- समाचार भेजने के पश्चात् समाचार लगाने हेतु फोन अथवा मैसेज न करें।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

कार्यकारी सम्पादक : श्री महावीर बी. सेमलानी
9375555077, e-mail: mahaveer_b@yahoo.com

कार्यकारी सह-सम्पादक : श्री संजय कुमार वैदमेहता
9423275283, e-mail: sanyam_ichal@yahoo.com

## अभातेयुप का डेटा संग्रहण अभियान

अभातेयुप के सत्र 2015-17 के लिए घोषित विभिन्न योजनाओं में से एक है तेरापंथी युवाओं व किशोरों का डेटा एकत्रित करना। आपको 15 से 45 वर्ष तक के सभी किशोरों व युवाओं का डेटा संग्रहित करना है, चाहे वो किशोर मंडल व तेयुप के सदस्य हो या नहीं। अत: आप सभी से निवेदन है कि आप शीघ्रातिशीघ्र अपनी प्रभार की परिषदों से सम्पर्क कर Excel Sheet में डेटा भिजवाने का प्रयास करें। Excel Sheet आप सभी को ईमेल कर दी गई है।

निम्न परिषदों के डेटा अभातेयुप को प्राप्त हो चुके हैं:-

अहमदाबाद, एरोली, आन्ध्र प्रदेश, विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा, बगोमुण्डा, बोरीवली, कोच्चि, गुवाहाटी, झकनावद, कांदिवली, कोलकाता, सेलम, तेजपुर, विजयनगर-बेंगलोर, बेंगलोर, वाशी, ब्यावर, भुवनेश्वर, पुर, नेपानगर, कल्याणपुर, चित्तौड़गढ़, नालासोपारा, भीम, देवगढ़, हैदराबाद, कांकरोली, नबरंगपुर, रतलाम, सिरसा, तिरूपुर, शिलाँग, वलसाड, हिरीयुर, बान्द्रा (पूर्व), कांजूरमार्ग, डोम्बिवली, झाबुआ, सारंगी, बेलपाड़ा, हासन, दाहोद, रायपुरिया, पेटलाबाद, चित्रदुर्गा, गंगावती, नीमच, हुबली, कोपरी ठाणे, सिलचर, दिल्ली, फरीदाबाद, खारूपेटिया, होसपेटे, आमेट, राजाजी का करेड़ा, लाछुड़ा, दौलतगढ़, आसीन्द, केशूर, कटक, समाना, धूपगुड़ी, शिवमोगा, पनवेल, कोप्पल, इरोड़, अमराईवाडी-ओढ़व, नागपुर, आकोला, नौगांव, मुलुण्ड, ठाणे वेस्ट, ठाणे लोकमान्य, ठाणे वागले स्टेट, विजयनगर, पीलीबंगा, मण्डया, रामपुर, मदुरई, सिंधीकेला, भीलवाड़ा, चिकमंगलूर, गुलाबबाग, चैन्नई, पालघर, इचलकरंजी, पाली मारवाड़, पिंपरी चिंचवड़, काजूपाड़ा, सिओन कोलीवाड़ा, जलगांव, सिलीगुड़ी, बेल्लारी, कोयम्बटूर, कांटाबांजी, केलवा, रेलमगरा, गंगापुर, नाथद्वारा, सैंथिया, भवानीपटना, बलांगीर, बोरदा, केसिंगा, कुरसूड, उत्केला, बारडोली, जयपुर, हनुमानगढ़, भायन्दर, रायगंज, नेपाल, भागलपुर, अजमेर, तुषरा।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :-

श्री योगेश चौधरी
संगठन मंत्री
9821198112/yogesh@abtyp.com

## अभातेयुप योगक्षेम योजना

स्वर्णिम इतिहास को संजोकर, भविष्य के निर्माण के लिए अभातेयुप ने इस सत्र में 'योगक्षेम' योजना का शुभारम्भ किया है। इस योजना के अंतर्गत हमें समाज के भामाशाह व उदारमना व्यक्तित्व का सहयोग अपेक्षित है। राशि 1 करोड़, 51 लाख, 21 लाख, 11 लाख, 5 लाख रखी गई है।

इस योजना में योगदान देने वाले महानुभावों का तेरापंथ टाइम्स व युवा दृष्टि में राशि सहित निरंतर दो साल तक नामोल्लेख किया जाएगा। तेरापंथ टाइम्स और युवा दृष्टि में योगक्षेमं योजना का राशिनुसार अलग कॉलम दिया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी. सी. भलावत अथवा महामंत्री श्री विमल कटारिया से सम्पर्क करें।

### योगक्षेम योजना के सहयोगी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री बी. सी. जैन (भलावत), लाछुड़ा-मुम्बई | 1,00,00,000/- | (1 करोड़ रूपये) |
| 2. | श्री मनोहरलाल विमल चिराग यश कटारिया, बेमाली-बेंगलोर<br>वैष्णोदेवी लशग्रीन प्रा. लि., बेंगलोर एवं कटारिया इन्फ्रा, बेंगलोर | 51,00,000/- | (51 लाख रूपये) |
| 3. | श्री मोतीलाल विवेक कुमार दूगड़, बीकानेर<br>दूगड़ ब्रदर्स एंड संस प्रा. लि., काठमाण्डौ | 21,00,000/- | (21 लाख रूपये) |
| 4. | श्रीमती शान्तिदेवी-श्री मांगीलाल सिंघी, श्रीमती अनिता-श्री सुभाष सिंघी<br>अरिहंत कोरिअर सर्विस, श्रीडूँगरगढ़-सिलीगुड़ी | 11,00,000/- | (11 लाख रूपये) |
| 5. | श्री प्यारेलाल विनोद संजय सुनील पीतलिया, मारुति बिल्डर्स, माँडा-चेन्नई | 11,00,000/- | (11 लाख रूपये) |
| 6. | श्री अमरचन्द धर्मचन्द लूंकड़, राणावास-चेन्नई | 5,00,000/- | (5 लाख रूपये) |
| 7. | श्रीमती उषादेवी-श्री रमेश बोहरा, मुसालिया-चेन्नई | 5,00,000/- | (5 लाख रूपये) |
| 8. | श्रीमती पुष्पादेवी-श्री बाबूलाल पारसमल मुकेश सुनील राकेश गुगलिया<br>मोखुन्दा-अहमदाबाद | 5,00,000/- | (5 लाख रूपये) |

# अभातेयुप अभ्युदय योजना

*एक कदम स्वावलम्बन की ओर...*

साथियों, आपको जानकारी देते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है कि अभातेयुप ने ***अभ्युदय योजना*** {Automated Clearing House (ACH)} के नाम से एक विशिष्ट योजना प्रारम्भ की है। इस योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति संस्था को 100, 500, 1000, 5000, 10000 रुपये मासिक सहयोग के रूप में प्रदान कर सकता है। यह सहयोग राशि संस्था के विकास एवं विभिन्न प्रवृत्तियों के संचालन में काम आएगी। अनुदानदाता इस सहयोग राशि हेतु आयकर अधिनियम 80G के अंतर्गत आयकर से छूट भी प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में सहयोगी बनने वाले व्यक्ति निर्धारित फॉर्म भरकर शाखा परिषद् के माध्यम से हमें संप्रेषित करेंगे। यह अनुदान राशि स्वतः ही उस व्यक्ति द्वारा दिये गये बैंक खाते से प्रतिमाह संस्था के खाते में स्थानान्तरित हो जायेगी। आप द्वारा प्रेषित अनुदान राशि से संस्था की प्रवृत्तियों को संरक्षण मिलेगा ऐसा विश्वास है। अभ्युदय योजना का मुख्य उद्देश्य युवा शक्ति का विकास, शाखा परिषदों का विकास एवं संघ निर्धारित गतिविधियों का विकास करना है।

इस योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि का 25 प्रतिशत स्थानीय शाखाओं के अभ्युदय हेतु अभातेयुप की ओर से दिया जायेगा। अन्य एवं विशेष जानकारी हेतु अभातेयुप राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री व पदाधिकारियों से सम्पर्क करें।

# संगठन यात्रा

| दिनांक | स्थान | सान्निध्य | सहयोगी |
|---|---|---|---|
| **श्री बी. सी. जैन (भलावत)** | | | |
| 7.2.2016 | अंधेरी-मुम्बई | ज्ञानशाला वार्षिक दिवस | श्री राजेन्द्र मूथा, श्री संजय बोथरा |
